# पांच साल बाद एक बार फिर कोलकाता में रैली करेंगे पीएम मोदी, बंगाल चुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी

**पश्चिम बंगाल में जल्द ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनावी तैयारियों के बीच ही, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बुधवार को बंगाल के दौरे पर आने वाले हैं।**

नई दिल्ली, (जीएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मार्च के दूसरे हफ्ते में पश्चिम बंगाल जा रहे हैं। यहां वह कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे ठीक 5 साल पहले मार्च, 2021 में इसी परेड ग्राउंड मैदान में जनसभा को संबोधित किया था।

बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा 15 मार्च को हो सकती है। पश्चिम बंगाल में जल्द ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनावी तैयारियों के बीच ही, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बुधवार को बंगाल के दौरे पर आने वाले हैं।



अमित शाह कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। वहां से वह मायापुर जाएंगे और इस्कॉन मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेंगे। शाह इस्कॉन में श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती ठाकुर की 152वीं जयंती समारोह में शामिल होंगे।

शाह अपने दौरे के दौरान संतों और भिक्षुओं के साथ बैठक कर सकते हैं। वह इस्कॉन मंदिर में भगवान कृष्ण की आरती करेंगे। इसे देखते हुए नादिया का जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

रथ यात्राएं निकालेगी बीजेपी

बीजेपी के सूत्रों के मुताबिक, पार्टी दक्षिण बंगाल के अलग-अलग जिलों में रथ यात्राओं का आयोजन करने की योजना बना रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने संकेत दिया है कि रथ यात्रा होली समारोहों के तुरंत बाद शुरू होगी और प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दिन ब्रिगेड परेड ग्राउंड पर इनका समापन होगा। इसके लिए पार्टी नेता लगातार बैठकें कर रहे हैं।

बीजेपी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र तैयार करने में जुटी है।

इस बार पार्टी ने एक ड्रॉप बॉक्स सिस्टम के जरिए जनता से उसकी राय ली है और उसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। इसके अलावा पार्टी चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट भी तैयार कर रही है।

पश्चिम बंगाल की 294 सीटों पर उम्मीदवार तय होने के बाद इसे अंतिम फैसले के लिए केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा।

# 'रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी

**वित्त मंत्रालय के वित्तीय विभाग ने चिंतन शिविर-2026 में "रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की**

**रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने, भुगतान अवसंरचना को मजबूत करने और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में सरकार के प्रोत्साहन ढांचे की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है**

(जीएनएस)।

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 13-14 फरवरी 2026 को आयोजित चिंतन शिविर के दौरान "रुपे डेबिट कार्ड और कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई (व्यक्ति-से-व्यापारी) लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।




यह अध्ययन नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के परामर्श से एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष अनुसंधान एजेंसी द्वारा किया गया है। विश्लेषण में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने, भुगतान अवसंरचना को मजबूत करने और देश भर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में सरकार के प्रोत्साहन ढांचे की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है।

यह प्रोत्साहन योजना भारत सरकार के व्यापक नीतिगत उद्देश्यों के हिस्से के रुप में परिकल्पित की गई थी, जिसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को सार्वभौमिक रूप से अपनाना, नकदी पर निर्भरता कम करना और नियमित आर्थिक गतिविधियों को औपचारिक बनाना था। वित्त वर्ष 2021-22 में शुरू की गई और वित्त वर्ष 2024-25 तक जारी रहने वाली इस योजना के अंतर्गत अधिग्रहण करने वाले बैंकों और इकोसिस्टम के प्रतिभागियों को संरचित बजटीय सहायता प्रदान की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिजिटल भुगतान नागरिकों और व्यापारियों दोनों के लिए किफायती, सुलभ और टिकाऊ बना रहे।

सामाजिक-आर्थिक प्रभाव विश्लेषण व्यापक प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारित है, जिसमें 15 राज्यों के 10,378 उत्तरदाताओं को शामिल किया गया है, जिनमें 6,167 उपयोगकर्ता, 2,199 व्यापारी और 2,012 सेवा प्रदाता शामिल हैं। ये सभी भारत के डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम के प्रमुख हितधारकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा, गहन द्वितीयक शोध भी किया गया है। अध्ययन में शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को कवर करते हुए पांच भौगोलिक क्षेत्रों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और उत्तर-पूर्व - को शामिल करते हुए एक व्यापक नमूनाकरण ढांचा अपनाया गया है।

सटीक, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा संग्रह को सुनिश्चित करने के लिए 22 जुलाई से 25 अगस्त 2025 के बीच आमने -सामने कंप्यूटर-सहायता प्राप्त व्यक्तिगत साक्षात्कार का उपयोग करके फील्डवर्क किया गया।

# लखनऊ कोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल में आईएसआई का जिक्र; तीन दिन में दूसरा धमकी भरा मेल

लखनऊ, (जीएनएस)। लखनऊ कोर्ट को सोमवार सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसमें आईएसआई का जिक्र किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग और बम स्क्वॉड ने कोर्ट परिसर में सघन तलाशी ली। तीन दिन में यह दूसरी धमकी है। हालांकि जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

कचहरी को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस बार भी धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई। धमकी भेजने वाले ने ईमेल में लिखा कि आपके कोर्ट के जज के चैंबर में 12 आरडीएक्स आईठडी लगाए गए हैं, जो जल्द ही फटेंगे। तमिलनाडू में ईम्ब्ल्यूएस रिजर्वेशन लागू हो से रोकें। दोपहर 12:15 तक सभी को खाली करा लें।

ईमेल सुबह करीब आठ बजकर 38 मिनट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट को भेजी गई थी। इसके बाद सभी को अलर्ट कर दिया गया। राजधानी में कचहरी की सुरक्षा बढ़ा दी गई। प्रवेश व निकास के गेट पर सुरक्षाकर्मी बढ़ा



दिए गए। छानबीन के दौरान कोई भी विस्फोटक नहीं मिला। अधिवक्ता व न्यायाधीश रोज की तरह अपना कार्य करते रहे। कचहरी काम प्रभावित नहीं हुआ। ईमेल में नीचे एलटीटीई और पाकिस्तानी आईएसआई का जिक्र भी किया गया था।

तीन दिन पहले भी आई थी मेल

तीन दिन पहले भी लखनऊ समेत 18 जिलों में एक ई-मेल से दहशत फैल गई थी। धमकी भरा मैसेज लखनऊ में जिला जज को ई-मेल से भेजा गया था। मैसेज मिलने के बाद फौरन कचहरी को खाली करा लिया गया। बम निरोधक दस्ते के बाद पुलिस टीम ने कचहरी में छानबीन की। हालांकि, वहां कोई बम नहीं मिला।

धमकी भेजने वाले ने लिखा था कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद दोपहर दो बजे कचहरी में धमाका किया जाएगा। अगर बचा सकते हो तो बचा लो। इस मामले की जानकारी वजीरगंज पुलिस को दी गई। इसके बाद खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गईं। बड़ी संख्या में पुलिस बल कचहरी पहुंची।

इसके बाद अधिवक्ताओं को कचहरी खाली करने के लिए कहा गया। कचहरी से न्यायाधीश भी बाहर निकल गए। काफी देर तक छानबीन के बाद पता चला कि किसी ने शरारत की है। इसकी वजह से कोर्ट का काम भी प्रभावित हुआ। कचहरी के सभी गेटों पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए। इस मामले में कोर्ट नाजिर ने वजीरगंज थाने में ईमेल भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# लखनऊः सिंधी समाज ने उठाई भगवान झूलेलाल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग, अन्य राज्यों का दिया हवाला

(जीएनएस)।

लखनऊ, लखनऊ के सिंधी समाज के पदाधिकारियों ने भगवान झूलेलाल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है।

भगवान झूलेलाल जयंती (चेटीचंड) पर उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश न होने से सिंधी समुदाय में निराशा है। सोमवार को इंदिरा नगर स्थित झूलेलाल भवन में चेटीचंड मेला कमेटी की कार्यकारिणी की पहली बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री से प्रदेश में छुट्टी घोषित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे कई राज्यों में भगवान झूलेलाल जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहता है। इसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी अवकाश की मांग को लेकर कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही



मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।

पुरानी टीम पर भरोसा, नई नियुक्तियां

कमेटी की इस पहली बैठक में पुरानी टीम के पदाधिकारियों को उनके पदों पर बरकरार रखते हुए कुछ नए सदस्यों को भी शामिल किया गया है।

प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, और कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भावनानी ने बताया कि समाज अपने इष्ट देव की जयंती 20 मार्च को भव्य रूप से मनाने की तैयारी में जुट गया है। इस अवसर पर सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

बैठक में हंसराज राजपाल, राजू जसवानी, सतीश लखमानी, नीरज राजपाल, श्याम कृष्णानी, नितेश मध्यान, विक्की दयलानी, दिनेश रायचंदानी, प्रल्हाद गुरनानी, आनंद खत्री, सुरेश चबलानी, अमर नाथ चौधरी, मुकेश केवलानी, मनीष लालवानी, निखिल तोलानी, सूरज जसवानी और पुनीत लालचंदानी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# लखनऊः 100 से ज्यादा लोगों के नाम पर करोड़ों का लोन फ्रॉड, यूपी एसटीएफ ने मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार

(जीएनएस)। लखनऊ में एसटीएफ और साइबर क्राइम टीम ने 100 से अधिक लोगों के नाम पर करोड़ों रुपये का फर्जी लोन पास कराने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड आमिर अहसन को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ और साइबर क्राइम थाने की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह आईआईएम रोड स्थित सहारा होमर के पास से करोड़ों रुपये के लोन फ्रॉड गिरोह के मास्टरमाइंड आमिर अहसन को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरोह ने बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से 100 से अधिक लोगों के नाम पर फर्जी तरीके से लोन पास कराकर करोड़ों रुपये की ठगी की। इस मामले में पहले ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की जानकीपुरम शाखा के मैनेजर गौरव सिंह समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

कैसे हुआ लोन फ्रॉड?

हजरतगंज निवासी राज बहादुर गुरुंग ने शिकायत में बताया कि उनके परिचित इंद्रजीत के कहने पर उन्होंने वर्ष 2023 में अपना आधार और पैन कार्ड लोन पास कराने के नाम पर दिया था। उन्हें जानकीपुरम स्थित यूनियन बैंक शाखा ले जाया गया, जहां बैंक मैनेजर ने कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए। कुछ महीनों बाद उनके मोबाइल पर ईएमआई बकाया का मैसेज आया। जांच में पता चला कि उनके नाम पर 28 अप्रैल 2023 को 9.50 लाख रुपये का मुद्रा लोन और 10 मई 2023 को 1.50 लाख रुपये का कार लोन पास हो चुका था।




एसटीएफ के अनुसार, गिरोह आधार और पैन कार्ड पर लगी फोटो को एडिट कर अपने सदस्यों की फोटो लगाता था। फर्जी कंपनियों के नाम पर कोटेशन तैयार कर बैंक कर्मियों की साठगांठ से मुद्रा लोन स्वीकृत कराया जाता था। बाद में रकम हड़प ली जाती थी। गिरोह अलग-अलग बैंकों से 100 से अधिक व्यक्तियों, फर्मों और कंपनियों के नाम पर लोन लेकर करोड़ों रुपये का फ्रॉड कर चुका है।

मास्टरमाइंड की भूमिका

एएसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक, आमिर अहसन ने बीए करने के साथ ड्राफ्ट्समैन में डिप्लोमा किया है। 2018 में उसकी मुलाकात नावेद से हुई थी, जिसके बाद दोनों ने फर्जी लोन गिरोह की योजना बनाई। आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, तीन क्रेडिट/डेबिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चार लग्जरी गाड़ियां जिसमें दो इनोवा क्रिस्टा, एक एक्सयूवी-500 और एक सियाज तथा नकदी बरामद की गई है।

एसटीएफ अब आरोपितों के बैंक खातों, वॉलेट और अन्य वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है। जब जांच की भनक लगी तो एक अन्य आरोपी ने अपना लैपटॉप और मोबाइल नदी में फेंककर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की थी।

आगे की कार्रवाई

13 सितंबर 2025 को एसटीएफ ने गौरव सिंह समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया था। अब मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का फॉरेंसिक परीक्षण कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# कांग्रेस करेगी विस का घेराव, नेताओं को किया गया नजरबंद; लखनऊ के कांग्रेसियों को रोकने के लिए घरों पर पुलिस तैनात

(जीएनएस)।

कांग्रेस मंगलवार को मनरेगा के मुद्दे पर विधानसभा का घेराव करेगी। मनरेगा के मुद्दे को लेकर कांग्रेस मंगलवार को विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में होने वाले विधानसभा के घेराव को टालने के लिए पुलिस ने 24 घंटे पहले से ही कांग्रेस नेताओं को उनके घरों पर नजरबंद करना शुरू कर दिया है। साथ ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर विशेष तौर पर बैरीकेडिंग कर दी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं,



बल्कि ग्रामीण भारत की समग्र आर्थिक प्रणाली को चलाने वाला आधार स्तंभ है। यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कांग्रेस द्वारा शुरू की गई इस योजना को केंद्र सरकार खत्म कर कर रही है। इसे बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू किया गया है।

विधानसभा के घेराव का किया है आह्वान

इसके तहत सभी जिले में चौपाल, धरना प्रदर्शन एवं लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में कांग्रेस ने मंगलवार को विधानसभा घेराव के लिए प्रदेश भर के कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं से विधानसभा घेराव का आह्वान किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के विधानसभा घेराव के कार्यक्रम से डरी सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को लखनऊ पहुंचने से रोकने के लिए उन्हें उनके घरों पर ही पुलिस की तैनाती कर नजरबंद किया जा रहा है।

# लखनऊ में कंटेनर की टक्कर से चाय पीने निकले एमबीबीएस के छात्र की मौत, दुर्घटना में दोस्त घायल

(जीएनएस)।

लखनऊ। राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे दो छात्रों को शनिवार की देर रात अज्ञात कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बाइक चला रहे बिजनौर निवासी 23 वर्षीय ध्रुव अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया। उनका साथी गंभीर रूप से घायल है।

बिजनौर के बस्सी कीरतपुर निवासी ध्रुव अग्रवाल राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान से एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र थे। वह मेरठ निवासी सहपाठी हार्दिक के साथ शहीद पथ स्थित संस्थान के हास्टल में रहते थे।

बाइक में मारी जोरदार टक्कर

ध्रुव के मौसेरे भाई मनीष अग्रवाल ने बताया कि शनिवार देर रात ध्रुव बुलेट बाइक से हार्दिक के साथ चाय पीने निकले थे। वह बाइक से शहीद




पथ की सर्विस लेन से अहिमामऊ की तरफ जा रहे थे। चौराहे से कुछ दूर पहले तेज रफ्तार अज्ञात कंटेनर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों लोग छिटककर सड़क पर जा गिरे।

बाइक सड़क पर कई मीटर घिसट गई। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे अहिमामऊ चौकी इंचार्ज महेश कुमार सिंह ने दोनों घायलों को इलाज के लिए एपेक्स ट्रामा सेंटर भिजवाया।

चिकित्सकों ने ध्रुव को मृत घोषित कर दिया। हार्दिक को भी गंभीर चोटें आई हैं। उनका इलाज जारी है। इस बीच कंटेनर चालक घटनास्थल से फरार हो गया। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर ने राजीव रंजन के मुताबिक, कंटेनर की तलाश जारी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

बिजनौर के प्रतिष्ठित बर्तन व्यवसायी हैं पिता

मनीष ने बताया कि ध्रुव के पिता राजीव अग्रवाल बिजनौर जनपद के प्रतिष्ठित बर्तन व्यवसायी हैं। घटना के बाद से पिता, मां कविता और बड़े भाई देव अग्रवाल के आंसू नहीं थम रहे हैं।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दोस्त

घटना के बाद ध्रुव के कई सहपाठी और संस्थान के प्रोफेसर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। दोस्तों ने

# लखनऊ की पहचान से खिलवाड़, हेरिटेज जोन में अवैध पार्किंग, एलडीए वीसी बोले- कई बार लिखा पत्र

**अवैध पार्किंग को लेकर छऊअ कई बार पुलिस और हुसैनाबाद ट्रस्ट को पत्र लिख चुका है. लेकिन समस्या जस की तस है.**

(जीएनएस)।

लखनऊ : राजधानी की पहचान हुसैनाबाद हेरिटेज जोन से खिलवाड़ जारी है. यहां द लखनऊ म्यूजियम की शुरूआत 22 फरवरी से होगी. इस म्यूजियम के यहां होने के बाद भीड़ बढ़ेगी. लेकिन पार्किंग के अभाव में रूमी गेट के सामने अवैध पार्किंग बना दी गई है. सामने ही गुलाब वाटिका में पार्किंग बनाए जाने का बेहतर विकल्प है.

दूसरी ओर LDA यहां फूड कोर्ट के पास एक ओपन पार्किंग बनाने का ऐलान किया था. जिसकी टेंडर प्रक्रिया भी चल रही थी. लेकिन अब यहां छऊअ पार्किंग नहीं बाएगा. पार्किंग की व्यवस्था हुसैनाबाद ट्रस्ट करेगा. सवाल रूमी गेट के बाहर अवैध पार्किंग का है. इस अवैध पार्किंग को लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण कई बार पुलिस और हुसैनाबाद ट्रस्ट को पत्र लिख चुका है. इसके बावजूद अब तक यहां अवैध पार्किंग है.

लखनऊ की पहचान से खिलवाड़.



समाजिक कार्यकर्ता हर्षल खत्री बताते हैं कि निश्चित तौर पर यहां बेहतर पार्किंग की जरूरत है. यह पार्किंग गुलाब वाटिका में बनाई जाए तो बेहतर होगा. उन्होंने बताया कि रूमी गेट के बाहर अवैध पार्किंग करना घोर अनुचित है. हर हाल में हेरिटेज जोन से अवैघ पार्किंग को हटाया जाए.

सामाजिक कार्यकर्ता शमील शम्शी बताते हैं कि मेरी लखनऊ विकास प्राधिकरण से बात हुई है. वहां से जानकारी मिली है कि निकट भविष्य में यह रास्ता बंद कर दिया जाएगा. इसके बाद पार्किंग की समस्या समाप्त हो जाएगी. लेकिन शमील शम्सी की बात का लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी खंडन कर रहे हैं.

रूमी गेट के बाहर अवैध तरीके से खड़ी गाड़ियां. रूमी गेट के बाहर अवैध तरीके से खड़ी गाड़ियां.

सामाजिक कार्यकर्ता ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि पहले तो यहां की कोबाल्ट रोड ने लोगों को परेशान किया हुआ है. इसके बाद में रूमी गेट की इस अवैध पार्किंग से भी बड़ी समस्याएं हो रही हैं. यहां से अवैध पार्किंग हटाई जानी चाहिए. इसके बाद हेरिटेज जोन का असली मतलब निकलेगा. लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया, छऊअ की तरफ से पहले यहां ओपन पार्किंग के लिए एक टेंडर किया गया था. वह प्रक्रिया पूरा नहीं हो सकी. अब यहां ओपन पार्किंग की व्यवस्था हुसैनाबाद ट्रस्ट की ओर से की जाएगी. हुसैनाबाद ट्रस्ट ही ओपन पार्किंग का संचालन करेगा. रूमी गेट के बाहर जो पार्किंग है वह पूरी तरह से अवैध है और हम कई बार प्रशासनिक स्तर पर इसको लेकर बात कर चुके हैं कि इसको यहां से हटाया जाना चाहिए.